# सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, राँची

दिनांक 28.01.2025 के शाम 5.00 बजे में सी0एस0ओ0 को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी के कार्यकारिणी समिति की बैठक निर्धारित समय पर महानिदेशक (पुलिस) के मुख्यालय धुर्वा, राँची में श्री आर0 पी0 सिंह की अध्यक्षता में की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. श्री आर0पी0 सिंह, भा0व0से0 – अध्यक्ष
2. श्री आर0के0 मल्लिक, भा0पु0से0 – उपाध्यक्ष एवं सचिव
3. श्री ए0 पी0 सिंह, भा0प्र0से0 – विशेष आमंत्रित वरिष्ठ सदस्य
4. श्री बी0 बी0 प्रधान, भा0पु0से0 – विशेष आमंत्रित वरिष्ठ सदस्य
5. श्री हंसराज सिंह भा0प्र0से0 – निदेशक
6. श्री अशोक कुमार सिंह, भा0व0से0 – निदेशक
7. श्री सतीश कुमार, भा0व0से0 – निदेशक

इसके अतिरिक्त अरूण कुमार, डेवलप़र/वास्तुविद्ध को भी आमंत्रित किया गया था। निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

1. मूलभूत सुविधाएँ जैसे की पानी की समुचित व्यवस्था करना, विद्युतीकरण एवं आन्तरिक सड़क को पूर्ण करना के सम्बन्ध में पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया एवं श्री अरूण कुमार, वास्तुविद्ध को सर्वप्रथम प्रवेश द्वार एवं ऑफिस का DPR बनाने का निर्देश दिया गया।
2. रिटेनिंग वॉल का काम पूर्ण करने हेतु योजना का DPR तैयार करने के लिए श्री अरूण कुमार, डेवलपर को निर्देश दिया गया। शेष बचे चहारदीवार का कार्य पूर्ण करने हेतु पूर्व के वेन्डर को निदेशित किया गया।
3. सोसाईटी के कार्य स्थल पर एक कार्यालय का निर्माण करना है, जिसके लिए The Creator श्री अरूण कुमार को प्राक्कलन एवं डिजाईट बनाने का निर्देश दिया गया। यह कार्य श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी एवं श्री सतीश कुमार के निदेशन में किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

4. कुल सड़क मार्ग प्रथम चरण में बनाने के लिए टेण्डर पेपर बनाने के लिए वास्तुविद्ध एवं टाउन प्लॉनर को निर्देश दिया गया।
5. विद्युत बोर्ड के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता ने दिनांक 21.1.2025 को सांगा का स्थल निरीक्षण किया एवं सोसाईटी के प्रांगण में एक मिनी सब स्टेशन बनाने हेतु आवश्यक भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके लिए वास्तुविद्ध श्री अरूण कुमार को निदेशित किया गया। श्री अरूण कुमार, डेवलपर कार्यपालक अभियंता एवं एस0डी0ओ0, विद्युत विभाग से सम्पर्क स्थापित करेगें।
6. सोसाईटी के अन्दर सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु JREDA के उर्जा विभाग, कुसई कॉलोनी के अभियंता श्री विजय कुमार सिंन्हा से अध्यक्ष सम्पर्क कर अग्रेत्तर कारवाई करेगें।
7. सोसाईटी के अंदर विद्युत हेतु तत्काल एक ट्रांसफर्मर लगाने की आवश्यकता है, जिसके लिए 25—30 सदस्यों से आवेदन प्राप्त करना होगा। प्रत्येक कनेक्सन में लगगभग 4000/— रू0 का व्यय आएगा। इस कार्य हेतु श्री सुखदेव प्रधान, प्रबन्धक को प्राधिकृत किया जाता है।
8. सोसाईटी के सड़क किनारे दोनों साईड ड्रेनेज सिस्टम के लिए उसका भी DPR एवं निविदा पेपर तैयार करने हेतु आवश्यक तैयारी करने हेतु डेवलपर श्री अरूण कुमार को निर्देश दिया गया।
9. जलापूर्ति हेतु 3 वाटर टावर एवं 3 सम्प बनाना एवं बोरिंग के लिए प्रधान सचिव/सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष महोदय को इस कार्य हेतु मनोनीत किया गया।
10. वृक्षारोपण — 2025 के मानसून में सोसाईटी के अन्दर वृक्षारोपण करने हेतु 4 सदस्यों की एक कमिटी बनाकर वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य हेतु श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी, भा0व0से0 के अध्यक्षता में एक कमिटी बनायी जाती है, जिसमें श्री कमलेश पाण्डेय, भा0व0से0, श्री अशोक कुमार सिंह, भा0व0से0 एवं श्री अशोक कुमार दूबे सदस्य रहेगें।
11. नये प्लॉट का आवंटन हेतु 77 सदस्यों का कागजात उपलब्ध है। अन्य सदस्यों का आवंटन पपत्र तैयार किया जाना है। आवटंन प्रपत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक

Scanned with OKEN Scanner

कार्रवाई प्रारम्भ की जा रही है। सदस्य का no dues, आवंटन की शर्तें, ग्रीन सोसाईटी की शर्तें इत्यादि का भी जिक्र पत्र में करते हुए आवंटन पत्र निर्गत किया जाएगा। इस कार्य हेतु श्री राजीव रंजन वर्मा, उप प्रबन्धक को प्राधिकृत किया जाता है।

सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध कराया जाना है:–

(क) आधार कार्ड
(ख) पैन कार्ड
(ग) 2 पासपोर्ट साईज फोटो
(घ) मनोनीत व्यक्ति का नाम, तथा उनका आधार कार्ड।
(ङ.) सदस्य के दादा का नाम
(च) पत्राचार का पता
(छ) मोबाईल नं0

12. डीड रेक्टीफिकेशन एवं रजिस्ट्रेशन कार्य श्री अनुप बर्मन द्वारा तैयार किया जा रहा है। पूर्व में भी रजिस्ट्रेशन कार्य इनके द्वारा ही सम्पादित हुआ था।

13. Building Bye Laws के लिए चार सदस्यीय कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया, जो निम्नांकित है:–

**श्री बी0 बी0 प्रधान, भा0पु0से0 अध्यक्ष**

1. श्री आर0के0 मल्लिक, भा0पु0से0, सदस्य
2. श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी, भा0व0से0, सदस्य
3. श्री सतीश कुमार, भा0व0से0, सदस्य

13 सोसाईटी के सांगा स्थल तक जाने के लिए प्रमुख जगहों पर लगभग 9 साइनेज लगाने का निर्णय लिया गया है। यह कार्य श्री सुखदेव प्रधान की निगरानी में सम्पन्न किया जायेगा।

14 दिनांक 15.12.2024 को सम्पन्न वार्षिक आम सभा के प्रस्ताव संख्या 5 में लिए गए निर्णय के आलोक में प्रत्येक सदस्य को 2.50 लाख रूपये तृतीय किस्त विकास मद में देना है। सदस्यों की सुविधा हेतु इसे दो चरणों में प्रथम चरण 1.50 लाख 31 मार्च, 2025 तक तथा रू0 1.00 लाख की दूसरी किस्त 30 जून, 2025 तक देने पर निर्णय लिया गया। तदनुसार सदस्यों को सूचित किया जाय।

Scanned with OKEN Scanner

15 अन्यान्यः— आवंटित प्लॉट का अदली—बदली — श्री आर0पी0सिंह, भा0व0से0, सदस्य संख्या 268 को लॉटरी में प्लॉट संख्या 111 आवंटित है। यह प्लॉट पूर्व में श्री राय महिमापत रे, भा0प्र0से0, सदस्य संख्या 302 को आवंटित किया गया था। श्री रे ने अनुरोध किया है कि उन्हें वर्तमान प्लॉट 111 ही रहने दिया जाए एवं उनको आवंटित प्लॉट संख्या 135 श्री आर0पी0सिंह से अदला—बदली कर लिया जाए। इसके लिए श्री रे ने आवेदन दिया है, जिसपर श्री आर0पी0सिंह ने अपनी सहमति प्रदान कर दिया है, जिसको Executive Committee (कार्यकारिणी समिति) द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाई समाप्त की गयी।**

| | |
|---|---|
| (आर0के0 मल्लिक) | (आर0पी0 सिंह) |
| उपाध्यक्ष एवं सचिव | अध्यक्ष |

Scanned with OKEN Scanner